XLRI in News

January 2020

PUBLICATION: The Financial Express
DATE: 24 January 2020
EDITION: All Edition
PAGE: 13

MUTUAL FUNDS

ESG Funds: For investing in firms with sustainable business models

Nifty ESG index has outperformed Nifty 100 since inception (2011) as well as in last one year on reward-to-risk basis

PANKAJ K AGARWAL & HK PRADHAN

ILLUSTRATION: SHYAM KUMAR PRASAD

ARE YOU THE kind of investor who wants good returns but wants to invest in companies that have sustainable business models and exhibit strong commitment for the environment and the society? Well, for investors like you fund houses have launched a new product called 'ESG Fund'.

ESG stands for Environmental, Social and Governance. ESG-investing is a strategy which involves investing in firms with a minimum ESG score. The ESG score ranges from 0-100 and is a weighted average of performance on various environmental, social and governance parameters. High ESG score indicates a firm being socially responsible, environment-friendly and robust in governance policies.

Such firms usually have lower risk of losses due to regulatory punishment, natural accidents or environmental controversies. Thus, in principle, high ESG score of a firm translates into enhanced value for investor. But does it lead to better returns too? A look at returns of recently created Nifty ESG index vs. its parent Nifty 100 indicates that the former has outperformed the Nifty 100 since inception (2011) as well as last one year, on Reward-to-Risk basis.

ESG mutual funds

For the conscientious retail investor, two ESG MF schemes have been launched in India by SBI MF and Quantum MF respectively. SBI Magnum Equity ESG Fund was launched in 2018 by re-categorising SBI Magnum Equity Fund whereas Quantum India ESG Equity Fund came into being in 2019.

The available pool of investable ESG firms is limited in India, unlike developed countries. Companies are waking up to identifying and reporting sustainability risks only at a snail's pace. That said; the bottom line is that ESG funds are definitely a good product and not just a passing fad. Then, should retail investors add ESG schemes in their portfolio? After all, aren't we generally advised against thematic funds as a class? Well, first, ESG investing is not really a new concept. Earlier also fund managers have always preferred sustainable firms; other things being equal. It is just that the current ESG paradigm provides a structured framework to filter firms, and that adds value. Given the growing emphasis on ESG factors in businesses all around, the future of the theme does look promising.

If you already hold a well-diversified portfolio, you may invest in ESG schemes and have some of the best firms in your kitty. However, for those who have just begun investing in MFs; have started small and are yet to achieve reasonable diversification in their portfolio, the right course would be to wait for these schemes to post longer-term performance numbers.

However, when index funds first came in Indian markets, many preferred to wait and watch. Performance data was allowed to accumulate and once the viability got established, index schemes just took off. If that happens with ESG funds too, given the global precedent, Indian MF industry is likely to have a new growth driver in them.

Pankaj K Agarwal is professor of finance, IMS Ghaziabad and H K Pradhan is professor of finance and economics, XLRI Jamshedpur

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE:11 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

पांच कंपनियों के प्रॉब्लम के अलावा फेयर में ह्यूमन बिहेवियर पर भी होगा रिसर्च, फैशन शो, मिस जमशेदपुर और संगीत का होगा कार्यक्रम

एक्सएलआरआई में 41वां मैक्सी फेयर आज, इंटरटेनमेंट का होगा धमाल, सौरभ पंत और कुमार वरुण करेंगे कॉमेडी

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

देश का सबसे पुराना मार्केटिंग फेयर, इसके रिसर्च से कई प्रोडक्ट हुए लांचः निदेशक

एक्सएलआरआई जमशेदपुर के निदेशक फादर पी क्रिस्टी ने कहा - संस्थान का मैक्सी फेयर देश का सबसे पुराना और बड़ा मार्केटिंग फेयर है। इस फेयर के रिसर्च के आधार पर दुनिया की कई कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट-सर्विसेस को लांच किया है। फादर क्रिस्टी शुक्रवार शाम को संस्थान के फादर प्रभु हॉल में आयोजित मैक्सी फेयर के समारोह को संबोधित कर रहे थे। फादर ने कहा - आर्थिक मुस्ती के इस दौर में इतना बड़ा फेयर आयोजित कराना आसान नहीं है। मार्केटिंग के प्रोफेसर संजीव वार्ष्णेय ने कहा- इस साल का 41वां मैक्सी फेयर है, फेयर के रिसर्च मेथड में कोई बदलाव नहीं किया है। इसके कॉन्सेप्ट्स, डिजाइन व प्रॉब्लम में बदलाव किया है। मैक्सी फेयर को हम दिल्ली कैंपस में भी करने जा रहे हैं लेकिन वहां पर फिजिकल नहीं डिजिटल होगा। मैक्सी फेयर के सेक्रेटरी अभिलाष नंदी ने कहा- दो दिन के इस फेयर में फन-इंटरटेमेंट के कई कार्यक्रम होंगे। फैशन शो और मिस जमशेदपुर के साथ गीत के कार्यक्रम भी होंगे। 12 जनवरी की शाम को देश के दो मशहूर कॉमेडियन सौरभ पंत व कुमार वरुण कॉमेडी से सबको हंसाएंगे। इस साल फेयर में आईटीसी व हिन्दुस्तान यूनिलिवर समेत पांच कंपनियों के प्रॉब्लम की समस्या का समाधान खोजा जाएगा।

ह्यूमन बिहेवियर पर रिसर्च: मेले में लोगों के व्यवहार को जानने के लिए शोध होगा। प्रो. वार्ष्णेय ने कहा- 5 कंपनियों के प्रॉब्लम के अलावा एक सोशल प्रॉब्लम पर भी शोध होगा। इसमें आदमी के बिहेवियर को जानने की कोशिश की जाएगी।

दिल्ली के बाद मुंबई कैंपस भी

जल्द : एक्सएलआरआई जमशेदपुर के निदेशक ने कहा- इस साल से हम दिल्ली कैंपस शुरू करने जा रहे हैं। पहली बार एक्सएलआरआई जमशेदपुर से बाहर निकल रहा है। दिल्ली के बाद हम जल्द ही मुंबई में भी अपना कैंपस शुरू करेंगे।

फेयर का उद्घाटन करते निदेशक व अन्य।

PUBLICATION:Dainik Jagran,City
DATE:12 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

*This content is licensed for personal use only, not for any commercial use.

मैक्सी फेयर का आगाज

खेल-खेल में दुनिया भर की कंपनियों के रिसर्च का हिस्सा बने **तीन हजार शहरवासी**

पहले दिन गीत, संगीत व नृत्य के साथ फैशन का दिखा जलवा

जमशेदपुर • एक्सएलआरआई जमशेदपुर के मैक्सी फेयर (मार्केटिंग फेयर) का आगाज शनिवार को हुआ। पहले दिन शहर के तीन हजार लोग खेल-खेल में कंपनियों के रिसर्च का हिस्सा बने। रिसर्च को गेम की शक्ल देकर उसे डोरेमन व शक्तिमान को रूप दिया गया। यही नहीं बड़े लोगों को टार्गेट के तहत एक प्रॉब्लम को जिंदगी ना मिलेगी दोबारा..नाम दिया है। कमेटी के अनुसार इस साल 5 कंपनियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए रिसर्च दिया है। इन कंपनियों में हिन्दुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एलायड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स, पोलिकैब और परफेटी वैन मेले। इन कंपनियों के प्रॉब्लम को रिसर्च फॉर्म में पेश किया है। गेम खेलने वाले लोगों को इस बात का एहसास नहीं होता है कि वे रिसर्च का हिस्सा हैं।

मिस और मिसेस जमशेदपुर के साथ डांस मेनिया

मैक्सी फेयर के पहले दिन कई इवेंट्स हुए, लेकिन मिस एंड मिसेस जमशेदपुर का मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह हेल्दी जमशेदपुर, हैप्पी जमशेदपुर के ज़ुम्बा डांस से इवेंट्स का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद किड्स फैशन शो हुआ, जिसमें 85 बच्चों ने रैंप पर जलवा बिखेरा। दोपहर में महिलाओं और कुछ पुरुषों ने मास्टर शेफ प्रतियोगिता में भाग लेकर पाक कला की बेजोड़ मिसाल पेश की। शाम को मिस एंड मिसेस जमशेदपुर के साथ डांस मेनिया इवेंट्स हुए

शहर के बच्चों ने क्लाईंबिंग, आर्चरी के साथ हेल्दी जमशेदपुर इवेंट में खानपान का उठाया लुत्फ

तीरंदाजी का लिया आनंद

आज स्टैंडअप कॉमेडियन सौरभ और कुमार वरूण करेंगे कॉमेडी

देश के मशहूर स्टैंड अप कॉमेडियन सौरभ पंत व कुमार वरूण की कॉमेडी का जलवा रविवार शाम को मैक्सी फेयर में दिखेगा। शाम साढ़े सात बजे से शुरू होने वाले इस कॉमेडी नाइट में प्रवेश मैक्सी फेयर के टिकट के जरिए ही होगा। इसके पहले दिन में पेंटिंग्स, किड्स डांस शो व जमशेदपुर फेवरिट फैमिली इवेंट्स होंगे। वहीं पहले दिन दो सौ प्रतिभागियों ने नृत्य और फैशन शो में अपना जलवे बिखेरा।



क्लाईंबिंग करते दिखे बच्चे।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE:14 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 1

इंटरटेंमेंट | टाटा मोटर्स के व्हील्स 2020, एक्सएलआरआई के मैक्सी फेयर व एनआईटी के कल्चरल फेस्ट पर भी असर

बड़े आयोजनों पर औद्योगिक सुस्ती का असर, स्पांसर राशि कम मिलने से सेलिब्रिटी की जगह नए आर्टिस्ट से चलाना पड़ रहा काम

संजय प्रसाद • जमशेदपुर

औद्योगिक सुस्ती का असर शहर के बड़े आयोजनों पर साफ दिख रहा है। इन आयोजनों के लिए कंपनियों से मिलने वाली स्पांसर राशि कम होने से आयोजकों को बजट में कटौती करनी पड़ी है।

12 जनवरी को एक्सएलआरआई के मैक्सी फेयर की राशि इस साल आधी हो गई। इसके चलते मैक्सी कमेटी ने सेलेब्रिटी परफॉर्मेंस के बजट को कम किया, वहीं अंतिम दिन होने वाले बॉलीवुड सिंगर के परफॉर्मेंस को रद्द कर दिया। हर साल होने वाली कॉमेडी नाइट के लिए भी संस्थान को स्थापित कलाकारों की जगह उभरते स्टैंड अप कॉमेडियन से काम चलाना पड़ा। मैक्सी कमेटी के सेक्रेटरी अभिलाष नंदी ने कहा- इस साल सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस में काफी कटौती करनी पड़ी, क्योंकि मैक्सी फेयर का जो स्पांसर आता था, वो आधा हो गया।

ऐसे में सेलेब्रिटी परफॉर्मेंस में कटौती के साथ कई दूसरे खर्च में भी कटौती की गई है। पहली बार हुआ, जब हमें भी स्पांसर तलाशने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आलम यह हुआ कि फेयर में इस साल कई कंपनियों के साथ ही दुकानें भी फेयर में भाड़े पर दी गई, जो अक्सर नहीं होता था।

कंपनियों से मिलने वाली स्पांसर राशि कम होने से आयोजकों ने की बजट में कटौती



आयोजकों को स्पांसर राशि जुटाने में दिक्कत

व्हील्स-2020 में नवोदित कलाकार टाटा मोटर्स के जीईटी (ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनिंग) की ओर से 16 जनवरी से हो रहे मेगा टैलेंट फेस्ट व्हील्स 2020 के बजट में भी काफी कटौती की गई है। आयोजन समिति की आकांक्षा सिन्हा ने कहा- पहले तीनों दिन शाम को सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस होता था, लेकिन इस साल केवल दो दिन हो रहा है। वह भी अंतिम दिन 19 जनवरी को होने वाले स्टार परफॉर्मेंस में नवोदित सिंगर अर्जुन कानूनगो को लाया जा रहा है। पहले अंतिम दिन दो बड़े कलाकार होते थे। आर्थिक सुस्ती की वजह से स्पांसर राशि जुटाने में काफी परेशानी हुई। कोशिश है कि फेस्ट की भागीदारी में कोई कमी नहीं हो। फरवरी में एनआईटी जमशेदपुर के होने वाले कल्चरल फेस्ट की हालत भी ऐसी ही है। आयोजन समिति इस फेस्ट को यादगार बनाने के लिए स्पांसर राशि जुटाने में लगी है। लेकिन आयोजन समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि कल्ट फेस्ट में इस साल बड़े कलाकारों की जगह नए कलाकारों से काम चलाना होगा। इन तीनों आयोजनों मे 30 हजार से ज्यादा का भीड़ होती है।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar
DATE: 5 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 7

एक्सएलआरआई की जैट परीक्षा में डिसीजन मेकिंग के 21 सवाल पूछे जाएंगे

अब गणित के सवालों पर नहीं, निर्णय लेने की क्षमता के आधार पर पा सकते हैं एक्सएलआरआई में दाखिला

पांच जनवरी को होगा जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट

संजय प्रसाद|जमशेदपुर

अगर आपमें निर्णय लेने की क्षमता है तो आप एक्सएलआरआई जैसे अग्रणी बिजनेस संस्थान से एमबीए कर कारपोरेट वर्ल्ड के लीडर बन सकते हैं। एक दौर था जब इस संस्थान में दाखिला के लिए गणित के कठिन और दुरुह सवालों का जवाब देना जरूरी होता था।

संस्थान के एडमिशन चेयरपर्सन प्रोफेसर गुरुनाथन ने दैनिक भास्कर को बताया कि जैट (जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट) की प्रकृति में काफी बदलाव किया गया है। बकौल प्रोफेसर गुरुनाथन, हमारी कोशिश है कि इस परीक्षा की पहुंच हर परीक्षार्थी तक हो। ऐसा नहीं हो कि यह परीक्षा केवल इंजीनियरिंग के परीक्षार्थियों तक सिमट कर रह जाय। गणित जैसे विषय होने से ह्यूमिनिटी और दूसरे संकाय के परीक्षार्थियों को बेहतर अंक ला पाना मुश्किल होता है। 5 जनवरी को होने जा रहे जैट में 28 सवाल क्वांटिटेटिव होंगे। लेकिन सवाल गणित के फॉर्मूला आधारित नहीं होंगे। इन सवालों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि दसवीं स्तर तक गणित की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स भी इन सवालों का जवाब दे सके। इसके अलावा हमने डिसीजन मेकिंग के 21 सवाल रखे हैं, क्योंकि प्रबंधन की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को आगे चलकर अपनी कंपनी और संगठन के लिए अहम फैसले लेने होते हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों में फैसले लेने की क्षमता होगी, उनकी सफलता का प्रतिशत बढ़ जाएगा। 26 सवाल रीजनिंग के होंगे, जो परीक्षार्थियों के रीजनिंग स्किल को टेस्ट करेंगे। 25 सवाल जीके (सामान्य ज्ञान) के भी होंगे, लेकिन उसकी गणना जैट के स्कोर में नहीं होगी। ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू के बाद फाइनल मेधा सूची बनाने में जीके के स्कोर की भूमिका होगी। एक्सएलआरआई देश का पहला प्रबंधन संस्थान है, जिसमें सामान्य ज्ञान को भी शामिल किया गया है।

हमारी कोशिश है स्टूडेंट्स में डायवर्सिटी हो-डीन

संस्थान के डीन (एकेडमिक्स) आशीष के पाणी ने बताया कि एक्सएलआरआई की कोशिश है कि स्टूडेंट्स में डायवर्सिटी है। विविधता नहीं होने से एक तरह की सोच वाले स्टूडेंट्स इंडस्ट्री में आ रहे हैं। आजकल इंडस्ट्री भी चाहती है कि इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के अलावा नन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के स्टूडेंट्स भी नौकरी में आए। इंडस्ट्री के फीडबैक के आधार पर एक्सएलआरआई ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अलावा ह्यूमिनिटीज, कॉमर्स और दूसरे क्षेत्र के स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि उनका चयन भी हो सके।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar
DATE:13 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

मित्रो...देश में सप्ताह में सात प्रधानमंत्री होने चाहिए...

मंडे मायावती, ट्यूजडे ममता बनर्जी, वेडनेसडे मोदी थर्सडे मुलायम, फ्राइडे केजरीवाल और सटर्डे राहुल

मैक्सी फेयर • कॉमेडी नाइट से अंजाम पर पहुंचा, सौरभ पंत और कुमार वरुण की बैक टू बैक परफॉर्मेंस ने खूब हंसाया

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

एक्सएलआरआई जमशेदपुर में चल रहे मैक्सी फेयर का समापन रविवार रात को क्रॉमेडी नाइट से हुआ। देश के दो मशहूर स्टैंड अप कॉमेडियन सौरभ पंत और कुमार वरुण की बैक टू बैक परफॉर्मेंस ने शहरवासियों को खूब हंसाया। सबसे पहले रात साढ़े आठ बजे सौरभ पंत मंच पर आए। उन्होंने देश की राजनीतिक स्थिति के साथ सामाजिक स्थिति पर तंज कर सबको गुदगुदाया। मित्रो...से शुरू यह परफॉर्मेंस देश की मौजूदा राजनीति से लेकर घर, परिवार और समाज पर जाकर खत्म हुई। टेलीविजन एंकर अर्णव से लेकर मोदी, अमित शाह और राहुल गांधी पर भी खूब चुटकी ली। उन्होंने कहा कि देश में सप्ताह के सातों दिन सात प्रधानमंत्री होना चाहिए, जिसमें हर दिन अलग-अलग पार्टियों के प्रधानमंत्री हो। मंडे मायावती, ट्यूजडे ममता बनर्जी, वेडनेसडे मोदी, थर्सडे मुलायम, फ्राइडे केजरीवाल और सटरडे राहुल गांधी...। अपने सपने को लेकर मुंबई जाने वाले लोगों के साथ ही शहर के स्कूल डीबीएमएस पर भी तंज कसा। विभिन्न कम्युनिटी के क्विज कराकर वाहवाही बटोरी। फिर कुमार वरुण ने बताया कि वे जमशेदपुर के हैं, मानगो के माउंट व्यू स्कूल से स्कूलिंग की। नोएडा शिफ्ट करने के बाद अपने इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट का जिक्र किया। पीछे खड़े लोगों से कहा- ऐसे लगा जैसे सारे एनआरसी के सर्टिफिकेट के लिए खड़े हैं।

एक्सएलआरआई में कार्यक्रम का लुत्फ उठाते लोग।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar
DATE:18 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE:6

एक्सएलआरआई में एचआर-आईआर क्रॉन्फ्रेंस का आज से आगाज

कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज अपने क्षेत्र में बदलाव व चुनौतियों पर करेंगे चर्चा

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

एक्सएलआरआई में शनिवार से दो दिवसीय एचआर-आईआर कॉन्फ्रेंस का आगाज होगा। इस कॉन्फ्रेंस में देशभर के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व इंडस्ट्रियल रिसोर्स मैनेजमेंट के कई दिग्गजों का जमावड़ा होगा। इस दौरान टाइटन कंपनी लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट राज नारायण और अल्ट्राटेक सीमेंट के वाइस प्रेसिडेंट कश्यप थोर्वे समेत कई दिग्गजों का व्याख्यान होगा। वे अपने क्षेत्र में हो रहे बदलाव व चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान पैनल डिस्कशन भी आयोजित होगा। द फॉर्मलेस ऑर्गेनाइजेशन एंड न्यू ऑर्गेनाइजेशनल फॉर्म विषय पर पैनल डिस्कशन में की नोट स्पीकर के रूप में भादुडी एंड एसोसिएट्स के अभिजीत भादुड़ी शामिल होंगे। वहीं बैटल एचरॉयल ग्रैंड फिनाले व एचआर ट्राइलेथॉन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

ये प्रमुख वक्ता देंगे व्याख्यान

1. **अभिजीत भादुड़ी** : फाउंडर, अभिजीत भादुड़ी एंड एसोसिएट्स
2. **सुरेश दत्त त्रिपाठी** : वाइस प्रेसिडेंटी, एचआरएम, टाटा स्टील
3. **राज नारायण** : वाइस प्रेसिडेंट, टाइटन कंपनी लिमिटेड
4. **अमिताभ मुखर्जी** : हेड, कॉर्पोरेट रिसोर्सेज, आईटीसी
5. **शमिता चटर्जी** : हेड, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, एचआरडी, इंफोसिस
6. **अरविंद सुब्रमण्यम** : वाइस प्रेसिडेंट, एचआर, रिलायंस इंडस्ट्रीज
7. **विशाल बादशाल** : प्लांट हेड, टाटा मोटर्स
8. **अमृत अयुम्मा** : वाइस प्रेसिडेंट, एचआर, डिजीयो इंडिया
9. **कश्यप थोर्वे** : वाइस प्रेसिडेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट
10. **गौतम घोष** : ब्लॉगर-लेखक
11. **श्रद्धांजलि राव** : वाइस प्रेसिडेंट, एचआर, सैप इंडिया
12. **शिवादित्य बनर्जी** : हेड, एचआर, पीरामल फार्मा सोल्यूशन
13. **साहिल नायर** : सीनियर एसोसिएट डायरेक्टर, केपीएमजी

PUBLICATION:Dainik Bhaskar
DATE:20 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE:8

युवा परमामेंट नौकरी कम, फ्रीलांसिंग को दे रहे महत्व

एक्सएलआरआई जमशेदपुर में चल रहे नेशनल एचआर कॉन्फ्रेंस के दौरान उभर कर आई राय

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

एक दौर था, जब युवाओं की पहली पसंद स्थायी नौकरी होती थी। बदले दौर में आज का युवा स्थायी नौकरी कम, काम करने की आजादी को ज्यादा महत्व दे रहा है। एक्सएलआरआई जमशेदपुर में रविवार को हुए नेशनल एचआर कॉन्फ्रेंस में शिरकत कर रहे विभिन्न कंपनियों के शीर्ष पदाधिकारियों ने कहा - उद्योग की चौथी पीढ़ी की पसंद तेजी से बदली है। यही कारण है कि कंपनी में टिकने वाले कर्मियों की औसत समय में लगातार कमी आ रही है व नई पीढ़ी तेजी से नौकरियां बदल रही हैं। विभिन्न कंपनियों में एचआर पदों पर रहे और अभिजीत एसोसिएट्स के संस्थापक अभिजीत भादुड़ी ने कहा- इससे कंपनियों के अंदर का परम्परागत ढ़ाचा और हायराकी में तेजी से बदलाव आ रहा है। मैनपावर के बढ़ते स्किल और कम्पीटेंसी ने स्किल को नए जमाने की करेंसी बना दिया है, जिसके पास स्किल की करेंसी है, उसके पास नौकरियों की भरमार है। ऐसे में देश में मल्टीपल जॉब की प्रवृति भी बढ़ रही है, जिसके पास कोर कम्पीटेंसी है, वह फ्रीलांसर की तरह काम कर रहा है और एक साथ कई कंपनियों को अपनी सेवा दे रहा है। एचआर कंसलटेंट और फ्लिप कार्ड के पूर्व निदेशक गौतम घोष ने कहा - स्थायी नौकरी कम होने और फ्रीलांस जॉब बढ़ने की अपनी चुनौतियां भी हैं। टाटा स्टील के वीपी एचआरएम सुरेश दत्त त्रिपाठी ने कहा - कल्चरल एलाइन्मेंट के लिए हम लोगों को प्रशिक्षण दे सकते हैं ताकि वे कंपनी के कल्चर से अवगत हो सके। टाटा मोटर्स के प्लांट हेड विशाल बादशाह ने इंडस्ट्री की चौथी पीढ़ी (4.0) के अनुरूप एचआर पॉलिसी को बनाने पर प्रकाश डाला। इस विषय पर केएमपीजी के निदेशक (एचआर) साहिल नायर, पीरामल फार्मा सॉल्यूशन्स के हेड एचआर इंडिया शिवादित्य बनर्जी, सैप इंडिया की वीपी (एचआर) श्रद्धांजलि राव ने भी अपना विचार रखा।

कंपनियों में टिकने वाले कर्मियों के औसत समय में आई कमी

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

PUBLICATION: Dainik Bhaskar
DATE: 23 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 7

एक्सएलआरआई को दुनिया के टॉप-30 बिजनेस स्कूल में किया शुमार

जमशेदपुर| वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दाओस ने बुधवार को पॉजिटिव इम्पैक्ट रेटिंग (पीआईआर)-2020 को लांच किया। इसमें दुनिया भर के वैसे बिजनेस स्कूलों की रैंकिंग दी गई है, जिनका समाज पर सकारात्मक प्रभाव रहा है। इस सूची के टॉप-30 में एक्सएलआरआई जमशेदपुर का नाम भी शामिल है, जिसको मोस्ट पॉजिटिव इम्पैक्ट बिजनेस स्कूल माना गया है। संस्थान निदेशक फादर पी क्रिस्टी ने बताया कि एक्सएलआरआई के लिए यह गौरव की बात है कि वह दुनिया के उन टॉप-30 बिजनेस स्कूलों में शामिल है, जिसका सामाजिक प्रभाव काफी रहा है।

PUBLICATION:Dainik Jagran,City
DATE:11 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 1

आज से एक्सएलआरआइ के मैक्सी फेयर में धमाल

जासं, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (पूर्व में एक्सएलआरआइ) द्वारा शनिवार से दो दिवसीय मैक्सी फेयर होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में दैनिक जागरण मीडिया पार्टनर है। एक्सएलआरआइ के फुटबॉल ग्राउंड में शनिवार से 41वां मैक्सी फेयर शुरू हो रहा है।

इसमें बच्चों, महिलाओं और कपल के लिए कई तरह के आयोजन होंगे। इसके लिए अभी तक 300 से ज्यादा इंट्री दर्ज हो चुके हैं। एक्सएलआरआइ के छात्रों के अनुसार इवेंट शुरू होने तक लाइव काउंटर रहेंगे, जिसमें इच्छुक उम्मीदवारों की इंट्री दर्ज किए जाएंगे।

सामाजिक बदलाव पर भी होगा रिसर्च

प्रो. संजीव वासने ने बताया कि मैक्सी फेयर में आने वाले शहरवासियों से देश में आने वाले सामाजिक बदलाव पर रिसर्च किया जाएगा। इसमें उनसे वाट्स एप, फेसबुक या अन्य सोशल साइट पर आने वाले कंटेंट पर किस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं? इस पर जानकारी ली जाएगी।

एक्सएलआरआइ में शुक्रवार को मैक्सी फेयर का शुभारंभ करते प्रो. आशीष के पाणि, प्रो. संजीव वासने, प्रो. इजरेल, फादर पी क्रिस्टी (बायें से दायें) • जागरण

दीप प्रज्वलित करके मैक्सी फेयर का हुआ शुभारंभ

शुक्रवार शाम छह बजे फादर प्रभु हॉल में दीप प्रज्वलित कर इस फेयर का शुभारंभ कर दिया गया। इस मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर पी क्रिस्टी, फादर जेरोम कुटिन्हा, मैक्सी फेयर के मेंटोर सह मार्केटिंग के प्रो. संजीव वासने, डीन ऑफ एकेडमिक प्रो. आशीष के पाणि व मार्केटिंग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्रो. इजरेल व मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ के सचिव अभिलाष नंदी सहित संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जानकारी परक

- 50 छात्र पांच कंपनियों की समस्याओं पर करेंगे रिसर्च
- 300 से ज्यादा इंट्री दर्ज, इवेंट शुरू होने तक दर्ज होती रहेगी इंट्री

जून से नई दिल्ली में दाखिला

फादर क्रिस्टी ने बताया कि देश के तीन शहरों में एक्सएलआरआइ के नए कैंपस खुलने जा रहे हैं। इसमें नई दिल्ली स्थित कैंपस से जून 2020 से दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जल्द ही मुंबई और अमरावती में भी दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि जब नई दिल्ली कैंपस में दाखिला शुरू होगा तो वहां के छात्रों के साथ जमशेदपुर के छात्र मिलकर रिसर्च वर्क में शामिल होंगे।

रिसर्च के लिए हर टीम में 10-10 छात्र शामिल

एक्सएलआरआइ के छात्र-छात्राएं पांच कंपनियों की समस्याओं पर रिसर्च करेंगे। इनमें आइटीसी, हिन्दुस्तान यूनीलीवर्स, एलॉयड बिलेडर्स एंड डिस्ट्रीलर्स (एबीडी), परफैक्ट वेन मेल व पॉली कैब शामिल हैं। कंपनी की समस्याओं पर रिसर्च करने के लिए कुल पांच टीमें बनाई गई हैं। हर टीम में 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। वहीं, संस्थान के छात्र पहली बार हिन्दुस्तान यूनीलीवर्स की समस्या पर बिजनेस टू बिजनेस (बी 2 बी) के लिए जमशेदपुर, रांची व कोलकाता सहित उत्तर भारत के शहरों में जाकर शोध करेंगे।

छात्रों को मिलेगा सीखने का मौका : फादर क्रिस्टी

फादर क्रिस्टी ने बताया कि मैक्सी फेयर से संस्थान के छात्र-छात्राओं को सीखने का मौका मिलेगा। इसमें उन्हें रिसर्च मैथड, किसी कंपनी के मार्केटिंग कॉसेप्ट को समझने, आयोजन के स्पॉंसर्स और कॉर्डिनेशन जैसे विषय पर सीखने का मौका मिलेगा।

PUBLICATION:Dainik Jagran,City
DATE:12 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE:1

शहरवासियों ने मचाया धमाल, शर्मिष्ठा मिसेज जमशेदपुर

दैनिक जागरण है मैक्सी फेयर का मीडिया पार्टनर, आज कुमार वरुण व सौरभ पंत शहरवासियों को गुदगुदाएंगे

जासं, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (पूर्व में एक्सएलआरआइ) द्वारा शनिवार को 41वें मैक्सी फेयर का शुभारंभ हुआ। पहले दिन एक्सएलआरआइ के फुटबॉल मैदान में बच्चे, युवा व महिलाओं ने जमकर मस्ती की और गेमिंग जोन के माध्यम से जमकर धमाल मचाया। वहीं, शाम में हुए मिसेज एंड मिस जमशेदपुर प्रतियोगिता हुई। जिसमें शहर की शर्मिष्ठा मिसेज जमशेदपुर का खिताब जीता।

एक्सएलआरआइ के मार्केटिंग एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय मैक्सी फेयर का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन बच्चों के लिए सेवेन अप एंड सेवेन डाउन, कप पॉन्ग, व्हील स्पीन, होपली सहित बच्चों, युवाओं व महिलाओं के लिए ऑनलाइन गेम की व्यवस्था की गई थी। इसमें सभी ने खूब मस्ती की। गेम जीतने वालों को तत्काल आकर्षक इनाम भी दिए गए। सुबह से शाम तक चले इस फेयर में हर वर्ग के शहरवासियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए थे। मैक्सी फेयर में दैनिक जागरण मीडिया पार्टनर के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।

बच्चों ने दिखाई प्रतिभा: मैक्सी फेयर में किड्स फैशन शो का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूलों से 80 बच्चे रैम्प पर उतरे। इसमें कोई भारतीय आर्मी का जवान बना था तो कोई सुभाषचंद्र बोस। कोई बच्ची सिंड्रेला बनी तो कोई परी। सभी बच्चों ने रैम्प वॉक कर अपनी प्रतिभा को दिखाया। प्रतियोगिता में के यशस्वी को पहला, एम ईशान को दूसरा व आरूषि को तीसरा पुरस्कार मिला। वहीं, सभी बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए स्मृति चिन्ह भी दिए गए।

जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (पूर्व में एक्सएलआरआइ) की ओर से शनिवार को 41वें मैक्सी फेयर का शुभारंभ हुआ। फेयर में लोगों ने जमकर मस्ती की। इस मौके पर पतंगों के साथ खिलखिलाती युवतियां • रवि चौधरी

30 टीमें डांस मेनिया में हुई शामिल कलाकारों के साथ दर्शक भी थिरकते रहे कार्यक्रम के दौरान

41 वें मैक्सी फेयर में हजारों लोग हुए शामिल, युवाओं ने जमकर की मस्ती, शाम तक चला फेयर

26 ने बिखेरा रैम्प पर जलवा

शाम में मिस एंड मिसेज जमशेदपुर का आयोजन किया गया। इसमें 26 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पहले राउंड में सभी प्रतिभागियों ने रैम्प वॉक किया और जजों के सवालों के जवाब दिए। वहीं, दूसरे टैलेंट राउंड में फिल्मी गीतों पर सभी डांस प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में शर्मिष्ठा मिसेज जमशेदपुर का खिताब जीता। वहीं, दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमश मिस इशिता व मिस संजीदा रही। प्रतियोगिता में हर्षिता, नाज व प्रभा बतौर जज उपस्थित थीं।

मैक्सी फेयर के फैशन शो में रैंप पर जलवा बिखेरतीं युवतियां • जागरण

हेल्दी जमशेदपुर-हैप्पी जमशेदपुर से दिया स्वस्थ रहने का टिप्स

मैक्सी फेयर के दौरान बच्चों ने हेल्दी जमशेदपुर-हैप्पी जमशेदपुर प्रतियोगिता में योगा के माध्यम से शहरवासियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। इसमें बच्चों ने कई तरह के योगा कर शहरवासियों को भी अवगत किया।

चारू बनी मास्टर शेफ

मैक्सी फेयर में मास्टर शेफ का भी आयोजन हुआ जिसमें 40 महिलाओं व पुरुषों ने हिस्सा लिया। पहले क्विज राउंड में महिलाओं से कई तरह के सवाल पूछे गए। जिन्होंने सबसे ज्यादा सवालों का जवाब दिया उन्हें दूसरे टेस्ट राउंट में जाने का मौका मिला। जहां शेफ विल्सन ने सभी प्रतियोगियों को 11 तरह के सॉस चखने को दिया। जिन पांच महिलाओं ने सही जवाब दिया उन्हें तीसरे राउंड में कुछ चुनिंदा सॉस से सलाद बनाने को दिया गया। इसमें चारू वादवा विजेता बनी। जबकि मोनालिसा दूसरे व भरत गर्ग तीसरे स्थान पर रहे।

आज शाम कॉमेशी शो

रविवार शाम कॉमेडी शो है। इसमें देश के विख्यात कॉमेडियन सौरभ पंत और वरुण कुमार शहरवासियों को गुदगुदाने आ रहे हैं। वहीं, दिन भर कई तरह की प्रतियोगिताएं, क्विज आयोजित होंगे।

जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ओर से आयोजित मैक्सी फेयर में प्रस्तुति देतीं कलाकार • जागरण

शहरियों ने किया डांस

मैक्सी फेयर की अंतिम शाम का समापन डांस मेनिया से हुआ। इसमें 30 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस दौरान ग्रुप व सोलो डांस से शहरवासियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

दीप डांस व शिव तांडव

मैक्सी फेयर में दीप डांस ग्रुप के बच्चों ने नमो नमो शंकरा गाने पर शिव तांडव किया। यही ग्रुप ने पिछली बार मैक्सी फेयर डांस मेनिया के विजेता रहे थे। तीन मिनट के इस परफॉरमेंश में बच्चों ने भगवान शिव की विभिन्न मुद्राओं को अपने नृत्य से प्रस्तुत किया। ग्रुप में देवोषमिता, पलपल शर्मा, शोभा मंडल, रवनीत कौर व गुनगुन शामिल थी। दीप शिखा सेन बतौर मेंटोर उपस्थित थीं।

PUBLICATION:Dainik Jagran,City
DATE:18 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 3

एक्सएलआरआइ में नौवां राष्ट्रीय एचआर सम्मेलन आज से

जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में स्टूडेंट एसोसिएशन फॉर प्रमोशन ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट और ह्यूमन रिसोर्स एंड इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 18 जनवरी से नौवां राष्ट्रीय एचआर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश भर की कई शीर्ष कंपनियों के एचआर जुटेंगे। जिसपर अभिजीत भादुड़ी एंड एसोसिएशन के संस्थापक अभिजीत भादुड़ी, आईटीसी के हेड कॉरपोरेट एचआर अमिताभ मुखर्जी, रिलायंस इंडस्ट्रीज के वाइस प्रेसिडेंट एचआर अरविंद सुब्रमण्यम, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट एचआर सुरेश दत्त त्रिपाठी आदि मौजूद रहेंगे। (जासं)

PUBLICATION: Dainik Jagran,City
DATE: 23 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 1

एक्सएलआरआइ दुनिया के टॉप 30 पॉजीटिव इंपैक्ट रेटिंग में

जासं, जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ - जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने ग्लोबल स्तर पर एक और उपलब्धि हासिल की है। इस प्रबंधन संस्थान को दुनिया के टॉप पॉजिटिव रेटिंग वाले संस्थानों में शीर्ष 30 में स्थान मिला है। वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम दावोस में बुधवार को यह रेटिंग जारी की गई। यह एक नए प्रकार की छात्र आधारित रेटिंग है जिसमें वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में समाज पर सकारात्मक असर डालने में कौन सा संस्थान दुनिया में श्रेष्ठ है या दुनिया के लिए श्रेष्ठ है।

2017 में हुई थी इस रेटिंग की शुरुआत : पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग (पीआइआर) की शुरुआत 2017 में प्रबंधन के विश्वस्तरीय एकादमिक संस्थाओं व इंस्टीट्यूशनल लीडर्स ने मिलकर की थी। इसका उद्देश्य बिजनेस स्कूल सेक्टर में आधारभूत सकारात्मक बदलाव लाना था ताकि इसका सकारात्मक प्रभाव समाज पर पड़ सके। इससे डब्ल्यूडब्ल्यूएफ स्विटजरलैंड (इन्वायरमेंट), सामाजिक संस्था ऑक्सफेम, ग्लोबल इंपेक्ट स्विटजरलैंड (बिजनेस) जुड़े हैं। इसके संचालन में ओइकोस इंटरनेशनल, नेट इंपैक्ट, एआइइएसइसी, एसओएस यूके, स्टूडेंटएन्वूरमॉर्गन जैसे छात्र संगठन जुड़े हैं। यह पहली बार है जब छात्रों ने दुनियाभर के बिजनेस स्कूलों का आकलन किया।

एक्सएलआरआइ के निदेशक ने जताई खुशी

एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर पी क्रिस्टी ने इस बात पर खुशी जताई कि पॉजिटिव इंपैक्ट रिपोर्ट 2020 के प्रथम संस्करण में एक्सएलआरआइ को 30 लीडिंग ग्लोबल बिजनेस स्कूलों में शुमार किया गया है। उन्होंने कहा कि पीआरआर रिपोर्ट 2020 में मिली जगह से अपने विजन व मिशन की ओर और तेजी से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इससे प्रबंधन शिक्षण को और अधिक सार्थक और उद्देश्योन्मुखी बनने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि दरअसल एक्सएलआरआइ का टैगलाइन ही है- फोर ग्रेटर गुड। बौद्धिकता, सामाजिकता, भावनात्मकता और आध्यात्मिकता एक्सएलआरआइ के डीएनए में है।

PUBLICATION:Dainik Jagran
DATE: 5 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 4

देशभर में जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट -2020 आज

जासं, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट - एक्सएलआरआइ के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हर साल होनेवाली प्रवेश परीक्षा जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (जैट-2020) का आयोजन रविवार को जमशेदपुर सहित देशभर के विभिन्न केंद्रों में किया जाएगा। अखिल भारतीय स्तर पर इस प्रवेश परीक्षा का आयोजन एक्सएलआरआइ की ओर से पिछले 60 साल से किया जा रहा हे। जैट के स्कोर को देशभर के 150 से अधिक प्रबंधन संस्थान अपने यहां दाखिले में मान्यता देते हैं।

PUBLICATION: Dainik Jagran
DATE: 7 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 7

एक्सएलआरआइ में 11 से होगी मैक्सी फेयर की मस्ती

जासं, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआइ) में 41वें मैक्सी फेयर का आगाज 11 जनवरी से होने जा रहा है। दो दिनों तक चलने वाले इस मैनेजमेंट मेले में शहरवासियों को गुदगुदाने के लिए सौरभ पंत व कुमार वरूण जमशेदपुर पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में दैनिक जागरण मीडिया पार्टनर की भूमिका में है।

एक्सएलआरआइ मार्केट एसोसिएशन के छात्रों द्वारा पिछले 40 वर्षों से कॉलेज प्रांगण में मैक्सी फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहरवासियों का मनोरंजन करने के साथ-साथ प्रबंधन के गुर सीखने के लिए अनुसंधान करना है। इस मेले में इस बार बच्चों, बड़ों और महिलाओं के लिए कई तरह के खेलकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। बच्चों के लिए पेंटिंग, फैशन शो और डांस तो महिलाओं के लिए मिस एंड मिसेज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, मास्टर शेफ प्रतियोगिता में भी महिलाओं को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। वहीं, इस मेले में कई तरह से लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। एक्सएलआरआइ के छात्रों ने शहरवासियों को आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

होंगी प्रतियोगिताएं

- **मैनेजमेंट इवेंट में दैनिक जागरण मीडिया पार्टनर की भूमिका में**
- **मेले में शहरवासियों को गुदगुदाएंगे सौरभ पंत व कुमार वरुण**

PUBLICATION: Dainik Jagran
DATE:10 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 6

एक्सएलआरआइ में मैक्सी फेयर का उद्घाटन आज

मैनेजमेंट मेला

- मैनेजमेंट स्कूल में 12 तक किया जाएगा मार्केट डिमांड पर रिसर्च
- शहर के लोगों को मेले में हिस्सा लेने के लिए छात्रों ने किया आमंत्रित

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआइ) के फादर प्रभु हॉल में शुक्रवार की शाम को मैक्सी फेयर का उद्घाटन किया जाएगा। मैक्सी फेयर की सचिव अभिलाष नंदी समारोह का विधिवत शुभारंभ करेंगी। इवेंट लांच होने के साथ ही इस बार एक्सएलआरआइ के छात्र अलग-अलग कंपनियों के लिए मैनेजमेंट विधा से रिसर्च करेंगे। पिछली बार छात्रों ने हिन्दुस्तान यूनीलीवर्स के साथ डिजिटल विषय पर रिसर्च किया था। इस बार अभिलाष नंदी बताएंगी कि इस बार किस कंपनी के साथ किस तरह का रिसर्च किया जाना है।

11 व 12 जनवरी को उमड़ेगी भीड़ : एक्सएलआरआइ के छात्रों द्वारा 11 व 12 जनवरी को एक्सएलआरआइ प्रांगण में मैक्सी फेयर का मेला लगाया जाएगा। इसमें बच्चे, बड़े और महिलाओं के लिए कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। युवाओं के लिए गेमिंग जोन बनाया गया है, जिसमें केटीएम राइड, जंपिंग राइड, बैलून शूटिंग सहित कई तरह के इवेंट होंगे। वहीं, महिलाओं के लिए मास्टर शेफ जबकि बच्चों के लिए फेस पेंटिंग, फैशन शो का आयोजन किया गया है। वहीं, मेले में हैंडीक्राफ्ट व खाने-पीने के भी कई तरह के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। वहीं, 12 जनवरी की शाम सात बजे से शहरवासियों को गुदगुदाने के लिए दो हास्य कलाकार सौरभ पंत और कुमार वरूण भी जमशेदपुर पहुंच रहे हैं जो अपनी बातों से लोगों को गुदगुदाएंगे।

PUBLICATION:Dainik Jagran,City
DATE:13 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE:1

सप्ताह से हर दिन के लिए हमें सात प्रधानमंत्री चाहिए ...

एक्सएलआरआइ की ओर से आयोजित मैक्सी फेयर की अंतिम शाम सौरभ पंत व कुमार वरुण ने लोगों को खूब गुदगुदाया

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित 41वें मैक्सी फेयर की अंतिम शाम यादगार रही। इस दौरान कॉमेडियन सौरभ पंत और कुमार वरुण ने खूब गुदगुदाया।

पहला परफॉर्मेंस सौरभ पंत का था। एक्सएलआरआइ के फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम से पहले लोग ठंड से ठिठुर रहे थे लेकिन जैसे ही सौरभ पंत मंच पर चढ़े माहौल गरमा गया। हर थोड़ी देर में सौरभ यही कहते रहे, ये मेरे बच्चे हैं, इसलिए मैं राजनीति की बात नहीं करूंगा। बावजूद इसके मोदी से लेकर राहुल, अमित शाह, ममता तक सभी को अपनी चुटकुलों में लपेटा। सौरभ चुटकी लेते हुए कहा, सिर्फ एक मोदी से देश का भला नहीं होने वाला। हमें सात पीएम चाहिए। हर दिन के लिए एक अलग। सोमवार को माया, मंगल को ममता, बुध को कोई रेडी-वेडी है। गुरु को अपना यादव भइया, शुक्र को ठाकरे को सत्ता संभालने दो। शनिवार और रविवार को राहुल गांधी होंगे, क्योंकि अधिकतर लोग उस दिन काम नहीं करते। जोक सुनाते-सुनाते सौरभ बोले, मोबाइल से वीडियो बनाने वालों, आइटी सेल से तो नहीं हो न। कृपया अपने मोबाइल पॉकेट में रख लो, मुझे केस नहीं खाना है। सौरभ ने अधिकतर जोक अपने ऊपर सुनाए। टीवी पर आने वाले पहले सीरियल पर भी बोले, पहले कैसे-कैसे सीरियल आते थे। मेरी बहू छिपकली है...। मेरी सास भी कभी... थी... सुनते ही खूब ठहाके लगे।

लोटपोट हुए

- दैनिक जागरण रहा मैक्सी फेयर का मीडिया पार्टनर
- एक्सएलआरआइ के फुटबॉल मैदान में ठहाके लगाए लोग

दिन भर हुई कई प्रतियोगिताएं

दूसरे दिन रविवार सुबह कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान किड्स डांस, आर्ट अटैक, जमशेदपुर फेवरेट फैमिली जैसे आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे और युवा शामिल हुए।

एक्सएलआरआइ के फुटबॉल मैदान में लाफ्टर शो देखते लोग • जागरण

लोगों को गुदगुदाते सौरभ पंत • जागरण

मेरा जन्म जमशेदपुर में हुआ है

वरुण ने बताया कि उसका जन्म जमशेदपुर में ही हुआ है। उनके दादा जी चांडिल डैम के चीफ इंजीनियर थे। उसने मानगो माउंट व्यू स्कूल से पढ़ाई की। फिर परिवार नोएडा शिफ्ट हो गया। दिल्ली से स्कूल की पढ़ाई पूरी की। दादा जी चाहते थे कि मैं इंजीनियरिंग करूं। हर कोई आइआइटी जेईई देता है। सोचता है कि सब फोड़ देंगे, क्रैक कर देंगे। लेकिन बढ़िया कॉलेज में एडमिशन ले लिया। जब नहीं हुआ तो दादा जी चिल्लाए कि यूपी में पनवाड़ियों की तरह भरे कॉलेज से इंजीनियरिंग करके पान मसाला बेचोगे का..? ऐसी कॉलेज से इंजीनियरिंग की जिसे कोई जानता तक नहीं।

वजन कम करना है तो खाओ रांग फूड

सौरभ ने गुदगुदाया, यदि वजन कम करना है तो फोकस, अनुशासन और इट हमेशा रांग फूड। आदमी को फूड प्वाइजनिंग होगी तो कुछ खाएगा नही और पूरा समय कहीं और (टॉयलेट) में बैठे रहेंगे। फिर हंस पड़े लोग।

बंगालियत की भी...

सौरभ कहते है कि अंग्रेजी कविता पढ़ते थे, जैक एंड जिल... सिर फूट गया। बताओ कावेरी विवाद था क्या...? हिंदी में पढ़ते थे मछली जल की रानी है, बाहर निकालो.. अरे भई क्यों निकालो, बंगालियत की हद होती है। ओ बाबा हिल्सा फिश।

पीछे वाले एनआरसी का सर्टिफिकेट लिए खड़े हैं क्या

समारोह के दौरान काफी दर्शक पीछे खड़े थे। इन्हें देखकर वरूण ने कमेंट किया कि ये एनआरसी वाले हैं क्या जो अपने दादा का सर्टिफिकेट लेकर अंदर घुसना चाहते हैं।

प्रस्तुति देते कुमार वरुण • जागरण

एक्सएलआरआइ के फुटबॉल मैदान में रविवार को आयोजित लाफ्टर शो में ठहाके लगाते दर्शक • जागरण

PUBLICATION: Deccan Herald
DATE: 3 January 2020
EDITION: Bangalore
PAGE:11

Industrial Relations Code: Are apples same as oranges?

K R SHYAM SUNDAR

The Industrial Relations Code (IRC) introduced in Parliament recently has considerably revised penalties against truant employers upwards and used the concept of 'continuing offence' to impose the stiffer punishment option of imprisonment. However, the penal scheme suffers from some shortcomings.

For the first time, the IRC requires inquiry by an officer not below the rank of Under Secretary to the Government of India (and equivalently ranked official at the state level) before imposing the stipulated penalty for contraventions of some clauses. This arrangement is probably to remove reckless penal behaviour on the part of labour department officials and to ensure 'liberal' orientation of the government to promote 'ease of doing business'. But this is bad for three reasons, namely that it will lead to lobbying by the business class, create unnecessary bureaucratization of penal procedures, and the officer concerned may not have the time or the technical expertise to deal with labour matters.

Moreover, while the penal amounts may appear large, when discounted for inflation and given the magnitude of offences, say illegal retrenchment or closure, the amounts are not actually large at all.

The IRC, unlike the existing law, has stipulated imprisonment as a punishment for many of the contraventions on the part of employers (relating to retrenchment, closure, standing orders, etc.) only if the same offences are committed more than once. This becomes a joke in the case of say retrenchment and closure, especially the latter as one does not close a unit twice – to be sure, there may be a possibility of a partial closure (in which case the continuing offence concept will apply).

The question is: should the law wait for the employer to repeat an offence to impose imprisonment even if the first-time offence will have serious consequences? What prevents the employer from resorting to illegal actions concerning retrenchment and closure for

the first time and get away with meagre fines of Rs 1-10 lakh if he figures that the gain from violating the law is higher than the penalty. Worse, the clauses on penalties mention a range of fines, so the actual fine need not be close to the maximum amount.

On the other hand, in the case of workers and employees, even the first offence of commencing, continuing or otherwise acting in furtherance of an illegal strike or lockout under the Code is punishable with a fine or with imprisonment for up to one month or both. This means that an illegal strike/lockout is far more socially harmful than an illegal retrenchment/closure, which logic is curiously pernicious.

Interestingly, for offences concerning strike/lockout or breach of settlement described in Section 86 (15) to (18) and regarding unfair labour practices in Section 6 (unfair labour practices), the principle of equality that the illegal actions of workers/trade unions will be equal to those by employers/management has been invoked and hence the same monetary penalty, with or without the imprisonment is provided for even for a first-time offence. For example, any person who for the first time instigates or incites others to take part in, or otherwise acts in furtherance of, an illegal strike or a lockout is punishable with fine of Rs 10,000-50,000 or with imprisonment up to one month or both [S.86(15)].

It is important to note that a breach of a settlement or an award or an unfair labour practice by the workers/trade unions may not have equal significance in practice though in principle a violation irrespective of who commits it can be seen with a mathematical equality logic. For example, can we say that unfair labour practices on the part of workers/trade unions, such as illegal strikes or a go-slow, have equal import or impact with respect to the unfair labour practice on the part of employers such as victimisation of union members/leaders by discharge/dismissal?

The unfair labour practices of workers deserve disciplinary action but discharge/dismissal of workers by employers will mean loss of livelihoods for workers and they have to wage long and hard battles to get reinstated in case of wrongdoing by the employers. On the other hand, for the employers, there is no threat to livelihood due to any of the unfair labour practices with reference to the employer, like illegal strike or go-slow or damage to the property, though revenue loss may occur to the employer.

Even a casual reading of the list of unfair labour practices shows far more numerous actions by employers which could hurt jobs or incomes of workers and the basic democratic rights of workers, that of freedom of association and collective bargaining. Their actions can put a free and democratic society at peril. So, it is a double whammy for workers/trade unions. For the law to equate the actions of the employers with those of workers/trade unions is faulty. It is essential to recognise the basic structural conditions of imbalance in the power and economic resources between labour and capital in the industrial relations system. Otherwise, we end up valuing gold and copper equally as both are metals in a generic sense. The normative and legal deficits in such a perspective as employed in the IRC will have serious consequences in our pursuit of promotion of a strong democratic and pluralistic, industrial society. Hence, the lawmakers need to carefully tread these landmines when they deliberate on these provisions and pass the law.

(The writer is Professor, XLRI, Xavier School of Management, Jamshedpur)

PUBLICATION: Hindustan Times
DATE: 22 January 2020
EDITION: Mumbai
PAGE: 11

APPLY FOR A 1-YEAR FAST TRACK MBA

Great Lakes Institute of Management, which has campuses in Chennai and Gurgaon, has announced admission deadline of January 31 for its one year full-time Postgraduate Program in Management, a fast track MBA for professionals with over two years of work experience.

The institute has a global faculty strength and offers extensive industry networking and experiential learning opportunities.

The applicants are required to appear for GMAT/CAT/XAT/CMAT before applying. The work experience of two years must be completed by April 30.

To learn more log on to www.greatlakes.edu.in

PUBLICATION:Hindustan
DATE:11 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 5

एक्सएलआरआई में मैक्सी फेयर का आगाज

जमशेदपुर | वरीय संवाददाता

एक्सएलआरआई के सालाना उत्सव मैक्सी फेयर का आगाज हो चुका है। 11 और 12 जनवरी को आयोजित होने वाले इस फेयर का शुक्रवार शाम एक्सएलआरआई के फादर पी प्रभु हॉल में विधिवत उद्घाटन किया गया। इसमें कॉलेज के प्राचार्य फादर पी क्रिस्टी, एकेडमिक डीन आशीष के पानी, मार्केटिंग विभाग के प्रो. संजीव बसु और प्रो. इजरायल शामिल थे।

मौके पर प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया कि इस दो दिवसीय फेयर बच्चों से लेकर बड़ी उम्र तक के लोगों के लिए कई तरह के कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इनमें मास्टर शेफ, डांस मेनिया, मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर, हेल्दी जमशेदपुर-हैप्पी जमशेदपुर, क्विजिकली योर्स, आर्ट अटैक, किड्स डांस, किड्स फैशन शो आदि प्रमुख रहेंगी। सभी कार्यक्रमों का आयोजन एक्सएलआरआई के फुटबॉल मैदान में होगा। फेयर में पास के माध्यम से प्रवेश मिलेगा।



शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते एक्सएलआरआई के फादर पी प्रभु व अन्य। ● हिन्दुस्तान

12 को ठहाकों से गूंजेगा एक्सएलआरआई : प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि दो दिवसीय फेयर में विशेष आकर्षण 12 जनवरी को कॉमेडी प्रो शो से होगा। इसमें मशहूर स्टैंडअप कमेडियन सौरव पंत और कुमार वरुण जमशेदपुरवासियों को जमकर हंसाएंगे। कॉमेडी प्रो शो के साथ ही इस दो दिवसीय मैक्सी फेयर का समापन होगा।

नई दिल्ली और मुंबई में खुलेंगे कॉलेज : प्राचार्य फादर पी क्रिस्टी ने बताया कि एक्सएलआरआई जल्द ही नई दिल्ली में भी अपना कॉलेज खोलने जा रहा है, जहां सत्र 2020-22 से पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। इसके बाद मुंबई में भी एक कॉलेज खोलने का लक्ष्य है, जिसके लिए तैयारियां चल रही हैं।

PUBLICATION:Hindustan
DATE:12 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE:4

एक्सएलआरआई में जुम्बा पर थिरके कई परिवार

जमशेदपुर। एक्सएलआरआई के फुटबॉल मैदान में शनिवार को शहर के कई परिवारों की शुरुआत स्वास्थ्य के प्रति संजीदगी दिखाते हुई।

एक्सएलआरआई की ओर से आयोजित मैक्सी फेयर-2020 के पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत हेल्दी जमशेदपुर-हैप्पी जमशेदपुर प्रतियोगिता के साथ हुई। इसमें शहर के 60 से अधिक परिवार जुम्बा पर थिरकते नजर आए। इस दौरान तलवारकर ग्रुप के विशेषज्ञों की ओर से कई तरह की हेल्थ टिप्स भी दिए गए। इसके बाद किड्स फैशन शो का आयोजन हुआ। इसमें शहर के 85 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर रैम्प वॉक किए। किड्स फैशन शो के बाद गृहणियों के लिए मास्टर शेफ प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता का संचालन गोल्डन लीफ रिसॉर्ट के शेफ विल्सन ने की। उन्होंने प्रतिभागियों के बीच कुकिंग पर आधारित एक क्विज का भी आयोजन किया और कई जरूरी टिप्स दिये।

PUBLICATION:Hindustan
DATE:20 January 2020
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 6

भावी मैनेजरों ने इंडस्ट्रीज 4.0 के प्रभाव और बदलाव जाने

कर्मचारियों को अपग्रेड होना पड़ेगा : अभिजीत

एक्सएलआरआई में रविवार को सेमिनार में अभिजीत भादुड़ी एवं इंडस्ट्रीज के नौ वक्ता इंडस्ट्रीज 4.0 के बारे में जनकारी देते।

एक्सएलआरआई

